DAINIK BHASKAR, Surat, 9.8.2023
Page No. 2, Size:(7.61)cms X (10.76)cms.

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट: 13 अधिकारी प्रशिक्षण के लिए जापान जाएंगे

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के 13 अधिकारी 10 महीने के प्रशिक्षण के लिए जापान जाएंगे। ये अधिकारी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस विभाग के मिडिल मैनेजमेंट से जुड़े हैं। इन अधिकारियों को जापानी हाई स्पीड शिंकानसेन तकनीक को लेकर 'ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग दी जाएगी। विभिन्न तकनीकी विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले ये अधिकारी भारत के पहले हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के प्रबंधन और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हाई-स्पीड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के संचालन और रखरखाव में विशेष ज्ञान और विशेषज्ञता प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण से अधिकारियों को जापानी हाई स्पीड रेल सिस्टम की नवीनतम तकनीक, सर्वोत्तम परिचालन पद्धतियों के बारे में जानने का मौका मिलेगा।

NAVBHARAT TIMES, Mumbai, 11.8.2023
Page No. 3, Size:(4.13)cms X (9.21)cms.

ट्रेनिंग लेने जापान चले अधिकारी

■ रिपोर्टर, मुंबई : देश की पहली हाईस्पीड ट्रेन चलाने की जरूरी ट्रेनिंग लेने नैशनल हाईस्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) के 13 कर्मचारी जापान जा रहे हैं। ऑपरेशन्स ऐंड मेनटिनेंस विभाग के 13 मध्य प्रवंधन अधिकारी जापानी शिंकानसेन प्रौद्योगिकी में 'ऑन-द-जॉव प्रशिक्षण' लेंगे। 10 महीने का यह प्रशिक्षण जापान में विभिन्न स्थानों पर होगा। हाईस्पीड रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के संचालन और रखरखाव में स्पेशलाइजेशन के लिए यह ट्रेनिंग हो रही है।

NAV-BHARAT, Mumbai, 10.8.2023
Page No. 3, Size:(5.41)cms X (3.60)cms.

अधिकारियों की जापान में ट्रेनिंग

बुलेट ट्रेन प्रोजेक्टः 10 माह तक होगा प्रशिक्षण

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** जैसे-जैसे बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का काम आगे बढ़ता जा रहा है, वैसे ही इसे बनाने वाली कंपनी एनएचएसआरसीएल भी अपनी तैयारी को आगे बढ़ा रही है. जारी प्रेस नोट के अनुसार इसके ऑपरेशन और मेंटेनेंस विभाग के 13 मिडिल मैनेजमेंट अधिकारियों ने जापानी शिंकनसेन टेक्नोलॉजी कंपनी में 'ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग' शुरू करने का निर्णय लिया है. 10 महीनों

तक यह प्रशिक्षण जापान के विभिन्न स्थानों पर दिया जाएगा. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हाई-स्पीड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के संचालन और रख-रखाव में विशेष ज्ञान और विशेषज्ञता प्रदान करना है.